**Nai Dunia (Indore), 15th September 2020, Page-6**

6 नईदुनिया
इंदौर, मंगलवार 15 सितंबर, 2020

# ऑनलाइन होगी आइआइएम आइआइटी की आई-5 समिट

## दो से चार अक्टूबर घोषित की गई संभावित तारीख

इंदौर (नईदुनिया रिपोर्टर)। आइआइएम इंदौर और आइआइटी इंदौर की छठी आई-5 समिट की संभावित तारीख दो से चार अक्टूबर घोषित की गई है। स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए इसे आयोजित किया जाता है। इसमें युवा अपने आइडिया और प्रोडक्ट प्रदर्शित करते हैं।

पिछले वर्ष 15 करोड़ रुपये से ज्यादा की फंडिंग स्टार्टअप को मिली थी। आइआइएम और आइआइटी के पूर्व एलुमिनी के साथ इंडस्ट्रीज के संचालक भी समिट में शामिल होते हैं और स्टार्टअप को फंडिंग के लिए चुनते हैं। इस वर्ष स्टार्टअप के प्रजेंटेशन को मजबूत करने के लिए हेडस्टार्ट नेटवर्क कम्युनिटी को मेंटरशिप पार्टनर के रूप में शामिल किया गया है। इसका काम स्टार्टअप की खूबियों और कमियों की पहचान करना होगा। जिन स्टार्टअप में कमियां रहेंगी, उन्हें बेहतर करने पर कम्युनिटी काम करेगी।

### रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू

समिट में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आइआइएम और आइआइटी इंदौर के एलुमिनी को रजिस्ट्रेशन के लिए 2999 रुपये फीस देनी होगी। इसमें तीन सदस्य शामिल हो सकते हैं। अन्य प्रतिभागियों के लिए भी इतनी ही फीस रहेगी। सामान्य प्रतिभागी 199 रुपये फीस देकर समिट में शामिल हो सकते हैं।

### ज्यादा प्रतिभागी हो सकेंगे शामिल

हेडस्टार्ट इंदौर चैप्टर के सिटी लीड मुदित ठक्कर ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण इस बार समिट ऑनलाइन होगी। इसमें देशभर के स्टार्टअप शामिल हो सकेंगे। पहले ऑफलाइन होने से सेंट्रल इंडिया से ही प्रतिभागी शामिल हो पाते थे। पिछले सालों की तरह इस बार भी कई इन्वेस्टर्स को साथ में जोड़ा गया है। दस से 15 बेस्ट स्टार्टअप को फंडिंग के लिए चुना जाएगा। इस साल से व्यवस्था की गई है कि इन्वेस्टर्स जिन स्टार्टअप में कमियां निकालेंगे और उन्हें और बेहतर करने के लिए कहेंगे, उन्हें सालभर बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे और अगले वर्ष की समिट में उन्हें फिर से लाया जाएगा। समिट में शामिल होने वालों के लिए प्रशिक्षण सत्र और कई इवेंट भी आयोजित किए जाएंगे। इसमें प्रतिभागियों को 50 हजार रुपये तक के नकद इनाम भी दिए जाएंगे। समिट की जानकारी और रजिस्ट्रेशन के लिए प्रतिभागी वेबसाइट पर जा सकते हैं।